Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding opening of a new Kendriya Vidyalaya at Tekari block, district Gaya, Bihar -laid.

श्री सुशील कुमार सिंह (**औरंगाबाद**): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के गया (बिहार) के टेकारी में स्थित केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर में एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने की ओर आकृष्ट कराना चाहूँगा I मेरे संसदीय क्षेत्र के औरंगाबाद और गया जिले में मात्र एक ही केन्द्रीय विद्यालय है जो औरंगाबाद में स्थित है I गया से औरंगाबाद की दूरी लगभग 100 किलोमीटर है जिससे गया क्षेत्र के निवासियों को मेरे सांसद कोटे से केन्द्रीय विद्यालय में नामांकन का लाभ नहीं मिल पाता है I गया जिला अन्तर्गत टेकारी प्रखण्ड मेरे ही संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है तथा टेकारी में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है जिसमें हजारों कर्मचारी कार्यरत है । इस केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना से जहां शिक्षकों, केन्द्रीय कर्मचारियों के बच्चों के लिए एक समुचित शिक्षा व्यवस्था संभव हो सकेगी वही केंद्र सरकार के कर्मियों के बच्चों एवं स्थानीय छात्रों को लाभ मिल सकेगा तथा मेरे नामांकन कोटे का लाभ भी मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को मिल सकेगा